# प्रार्थना

सूरज, चाँद, सितारे प्यारे,
धरती, गगन बनाने वाले।
सबके मालिक सबके भगवान,
दो हमें प्रभु यह वरदान।
रहें सुखी सब एक समान,
रोये नहीं कभी इंसान॥




# आम

पीला रंग रंगीला आम,
होता बड़ा रसीला आम।
चूसो खाओ ताज़ा आम,
सभी फलों का राजा आम।




# बैंगन बोला

बैंगन बोला सुन री ककड़ी,
कहाँ चली तू अकड़ी-अकड़ी।
तू तो है सूखी-सी लकड़ी,
फिर भी चलती अकड़ी-अकड़ी।।




## गतिविधि

नीचे दी गई सब्जियों को उनके रंगों से मिलाइए-



# बरखा

बरखा रानी जल्दी आओ,
पानी की बूँदे टपकाओ।
धरती की तुम प्यास बुझाओ,
जंगल को हर्षा जाओ।



Specimen Copy Not For Sale

# भालू

मजा आ गया खेल में,
भालू जाकर बैठा रेल में।
हँसकर बोला-अच्छा टा-टा,
मैं कर आऊँ सैर-सपाटा।



# बिल्ली मौसी

बिल्ली मौसी, बिल्ली मौसी,
कहो कहाँ से आई हो?
कितने चूहे मारे तुमने,
कितने खाकर आई हो!




# बिटिया रानी

क्यों रूठी हो, गुड़िया रानी,
खा लो लड्डू, पी लो पानी।
अच्छे बच्चे, जिद नहीं करते,
बात मान लो, बिटिया रानी।




# गतिविधि

नीचे दिए गए जानवरों के चित्रों को उनके नाम से मिलाइए-



शेर




कुत्ता



हिरन



चीता



भालू

हाथी



# चौकीदार

ठक-ठक करता चौकीदार,
लाठी रहती उसके हाथ।
पहरा देता सारी रात,
सरदी हो या फिर बरसात।।



# छुक-छुक रेल

छुक-छुक करती रेल चली,
करती कितने खेल चली।
जाना है किस ओर कहो,
टिकट उसी नगरी का लो।





## डब्बू जी


डब्बू जी की तोंद बढ़ी,
चींटी उस पर एक चढ़ी।
शोर मचाते डब्बूराम,
चींटी नीचे गिरी धड़ाम।

## गतिविधि

बच्चों बताइए चौकीदार के हाथ में क्या करती है? नीचे दिए गए चित्र में से सही ( ✓ ) चित्र पर चिह्न लगाइए-










# इंदधनुष

सात रंगों का है ये संगम,
इंद्रधनुष है या है सरगम।
आसमान की बढ़ती रौनक,
इस कोने से उस कोने तक।



# रंग-बिरंगे गुब्बारे

रंग-बिरंगे गुब्बारे,
लगते प्यारे प्यारे।
छोड़ोगे उड़ जाएँगे,
हाथ नहीं फिर आएँगे।




# कोयल

दूर बाग में पेड़ों पर बैठ,
जो मधुर कंठ से गाती है।
अपने मधुर कंठ के कारण,
कोयल वह कहलाती है।



## गतिविधि

बच्चों नीचे दिए गए गुब्बारों में रंग-बिरंगे रंग भरिए-



# नारियल


कौन नारियल के पेड़ों पर,
जादू सा कर जाता है?
बन्द कटोरी में मीठा जल,
चुपके से भर जाता है।



# हरी हरी

हरी हरी भिंडी, हरे हरे आम।
हरा हरा धनिया, खरे खरे दाम।
कड़वा करेला, अच्छा झमेला।
लीची, तरबूज, फीका पड़ा केला।





## घड़ी

टिक-टिक, टिक-टिक चले घड़ी,
कहे हमसे यह बात बड़ी।
करो समय पर अपने काम,
जग में होगा ऊँचा नाम।।

# काठ का घोड़ा


घोड़ा मेरा काठ का,
आया पूरे साठ का।
देखो कितने ठाठ का,
इस पर चढ़ रहता हूँ मैं,
अक्षर-अक्षर पाठ का।।



## गतिविधि

सही मेल मिलाइए-

घड़ी



काठ का घोड़ा



नारियल



हरी हरी



# नन्हें वीर

माँ मुझको बंदूक मँगा दो,
मैं भी लड़ने जाऊंगा।
नन्हें-नन्हें हाथों से,
दुश्मन को मार भगाऊँगा।
वीर सिपाही बन भारत का,
माँ का कष्ट मिटाऊँगा।।




25 भाग-C

# हाथी राजा

हाथी राजा कहाँ चले
सूँड़ हिलाकर कहाँ चले।
मेरे घर भी आओ ना,
हलवा पूड़ी खाओ ना।
आओ बैठो कुर्सी पर,
कुर्सी बोली चर-चर-चर।





# गतिविधि

बच्चों बताइए कविता में बच्चा माँ से क्या मँगा रहा है? नीचे दिए गए चित्रों में से किसी एक चित्र पर सही ( ✓ ) का चिह्न लगाइए-



# हमारा भारत

भारत हमको प्यारा है,
यह तो स्वर्ग हमारा है।
बहती एक नदी हैं हम,
अगली एक सदी हैं हम।
भारत नहीं बुद्धि में कम,
बना चुके कंप्यूटर हम।।



# छोटी सी मोटर के अन्दर

छोटी सी मोटर के अन्दर,
आ बैठे ये भालू, बन्दर,
कहते मोटर तेज चलाओ,
हमको ठंडी हवा खिलाओ।
छोटी सी मोटर के अन्दर,
आ बैठे ये भालू, बन्दर॥





# पंखा

ऊपर पंखा चलता है,
नीचे मुन्ना सोता है,
सोते सोते भूख लगी,
खा ले बेटा मूँगफली,
मूँगफली में दाना नहीं,
हम तुम्हारे मामा नहीं।
मामा गए दिल्ली,
वहाँ से लाये बिल्ली,
बिल्ली ने मारा पंजा,
मामा हो गया गंजा।